आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
08

## नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस पर विशेष

# देश की आजादी में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश की आजादी की लड़ाई की बात हो और वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का नाम ना लिया जाये यह हो नहीं सकता है। आजादी की लड़ाई में इन दोनों भाईयों के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। नीलांबर-पीतांबर पलामू के दो महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होने 1857 ई की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने में अहम भूमिका निभायी थी। नीलांबर और पीतांबर शाही भोगता का जन्म 10 जनवरी 1823ई को गढ़वा जिला के भंडरिया स्थित चेमू सेनया गांव में हुआ था। नीलाम्बर पीताम्बर दोनों सहदोर भाई थे। इनके पिता का नाम चेमू सिंह भोगता था।

### भोगता-खरवार का शाक्तिशाली संगठन बनाया

अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के लिए दोनों भाईयों ने भोगता तथा खरवार समुदाय को मिलाकर एक शक्तिशाली संगठन बनाया। पलामू जिला में चेरो तथा खरवार जाति की प्रधानता है। नीलांबर-पीतांबर ने अपनी शक्ति को मजबूत करने के लिए चेरो के जागीरदारों से दोस्ती की। उन्हें उनका अधिकार वापस दिलाने की शर्त पर उनका समर्थन प्राप्त किया।

### अंग्रेजों के कैंप पर किया हमला

21 अक्टुबर 1857 ई को दोनों भाईयों के नेतृत्व में चैनपुर, शाहपुर तथा लेस्लीगंज स्थित अंग्रेजों के कैंप पर आक्रमण किया गया। जिसमें वह काफी हद तक सफल रहे। इसी बीच अंग्रेजी सरकार को इन दोनों भाईयों के नेतृत्व की सुचना मिली। जिसके बाद उनका प्रतिरोध करने के लिए मेजर कोर्टर के नेतृत्व में इनको दबाने के लिए एक सैनिक टुकड़ी को भेजा गया। बाद में अंग्रेज सैन्य अधिकारी ग्राहम को भी सैनिक टुकड़ी के सहयोग के लिए भेजा गया। दोनों भईयों ने लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ गोलबंद किया। नीलांबर-पीतांबर के विद्रोह को कुचलने के लिए डाल्टन ने एक बड़ी सेना लेकर 27 जनवरी, 1858 में पलामू किले पर आक्रमण कर दिया था। अंग्रेजी सेना ने पलामू किले को तीनों ओर से घेर कर तोपों से अंधाधुंध गोले



दागे थे। इससे उसमें छिपे नीलाम्बर-पीताम्बर और उनके साथी किसी तरह घने जंगल के रास्ते भागने में सफल रहे थे। यद्यपि उन्हें भारी मात्रा में अपने हथियार और रसद छोड़ कर भागना पड़ा था। इस दौरान अंग्रेजों को पलामू किले से बाबू कुँवर सिंह के भाई अमर सिंह का लिखा पत्र एक थैले से मिला, जिसमें उनकी ओर से विद्रोहियों की जान गई थी, जबकि एकमात्र अंग्रेज सैनिक मारा गया था और दो सैनिक घायल हुए थे। इसके दूसरे दिन 28 जनवरी, 1858 को डाल्टन के संदेह के आधार पर मनिका के निकट टिकैत उनारस सिंह और उनके दीवान शेख भिखारी को विद्रोह में शामिल रहने के अभियोग में पकड़ लिया गया था।

### डाल्टन ने चेमु सनेया को घेरा

13 फरवरी, 1858 को पहली बार डाल्टन अपने सैनिकों के साथ नीलाम्बर-पीताम्बर के गांव चेमु सनेया पंहुचा था। उस समय उसने चेमु और सनेया दोनों गांवों को तीनों ओर से घेर कर मजबूत मोर्चा बना लिया था, लेकिन इस दौरान भी अंग्रेज सैनिकों को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। पलामू गजेटियर में इस बात का उल्लेख है कि नीलाम्बर-पीताम्बर को पकड़ने के लिए डाल्टन को लगातार 23 फरवरी तक कोयल नदी के किनारे चेमो गांव में डेरा डालना पड़ा था, लेकिन इसके बाद भी वह दोनो भाइयों और उनके साथियों को पकड़ने में विफल रहा। इस बीच डाल्टन काफी थक चुका था। इसके का?ण वह हाथ मलते हुए डालटनगंज लौटने को मजबूर हो गया। इस दौरान नीलाम्बर-पीताम्बर और उनके साथियों को भी राशन-पानी खत्म हो जाने एवं लगातार लड़ाई में थक जाने की वजह से पहाड़ियों की ओर भाग कर शरण लेनी पड़ी थी। 10 दिनों से लगतार अभियान के दौरान विद्रोहियों के हमले में अंग्रेज सैनिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। डाल्टन के अनेक सैनिक मारे गए थे और दर्जनों सैनिक बुरी तरह से घायल हुए थे। रामगढ़ अष्वसेना का एक दफादार जैसे ही चेमू गांव को पूरी तरह से जलाने का आदेश दे दिया। 22 फरवरी को डाल्टन के लौटने के पूर्व चेमू गांव के घर में तोड़ फोड़ करते हुए उसे आग लगा कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इसके दूसरे दिन 23 फरवरी को इसी तरह सनेया गांव को भी नष्ट कर दिया गया। यहां तक कि ग्रामीणों के अनाज और उनके मवेशियों पर भी अंग्रेज सैनिकों ने कब्जा कर लिया।

### भोज के अवसर पर पकड़े गये दोनों भाई

समस्त अंग्रेजी सरकार दोनों भाईयों को पकड़ने के लिए कई बार कोशिश की लेकिन हमेशा दोनों भाईयों ने अंग्रेजों के मंसुबे को कामयाब नही होने दिया। लेकिन अंत में कर्नल डाल्टन ने दोनों भाईयों को एक भोज के अवसर पर पकड़ लिया। दोनों भाईयों के खिलाफ एक संक्षिप्त मुकदमा चलाकर उन्हे फांसी पर लटका दिया। 28 मार्च 1859 को उन्हें फांसी पर लटका दिया गया।बाद में दोनों भाईयों की संपत्ति को भी अंग्रेजी हुकुमत द्वारा जब्त कर ली गयी। महज 35 साल की उम्र में दोनों भाईयों ने स्वतंत्रता के आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंककर अपनी प्राणों की आहुति दे दी।

## उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया जंगल में सर्च अभियान



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को चान्हो पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ पीएलएफआई उग्रवादियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान आसपास के जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। इस संबंध में डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि पीएलएफआई उग्रवादियों के इस जंगलों में चहलकदमी की सूचना मिलने के बाद टीम गठित कर सर्च अभियान चलाया गया है। उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सिरिडीह के जंगल में तीन एकड़ में लगी पोस्ते को किया गया नष्ट, 40 किलो फल बरामद



राहे(आजाद सिपाही)। रांची के सीनियर एसपी और ग्रामीण एसपी के निर्देशानुसार बुंडू डीएसपी रीतभान सिंह और राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी की टीम से थाना क्षेत्र के सिरिडीह गांव के जंगल में जाकर तीन एकड़ में पोस्ते की फसल को नष्ट किये। इस दौरान पुलिस ने 40 किलोग्राम अफीम के फल को बरामद किया है। बरामद फल से अफीम निकलने की तैयारी था। अभियान में एसआई पिंटू कुमार एएसआई राजकपूर सैफ के जवान और पुलिस बल मौजूद थे।

## इटकी में डोल मेला का समापन

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी और आसपास के गांवों में हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार होली संपन्न हो गया है। मौके पर मंगलवार को इटकी जगन्नाथ मंदिर परिसर और मकुन्दा गांव में डोल लगाकर भगवान श्रीकृष्ण और राधे की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर पारंपरिक तरीके से झुला झुलाया गया। इसके बाद लोगों जमकर अबीर गुलाल उड़ाये और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी जो देर रात तक चलती रही। इसके पूर्व रविवार की रात चौक चौराहों पर होलिका दहन का अनुष्ठान किया गया। सोमवार और मंगलवार को लोगों ने जमकर रंग का होली खेला। विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना प्रभारी और भारी शस्त्र बल तैनात थे।

## ईचागढ़ के राजेश महतो की ओड़िशा के राइस मील में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के पिलिद गांव निवासी राजेश महतो, उम्र 26 वर्ष का उड़ीसा राज्य के रायरंगपुर जिला के बहल्दा स्थित सिंघल एग्री प्राइवेट लिमिटेड (राइस मील) में दुर्घटना होने से 25 मार्च को मौत हो गया था। जानकारी के अनुसार राजेश महतो विगत दो वर्षों से राइस मील पर बायलर ऑपरेटर पद पर कार्यरत था। मौत की सूचना मिलते ही जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव गोपेश महतो तथा केंद्रीय संगठन सचिव राकेश रंजन मृतक के परिवार के साथ राइस मील पहुंचे और कंपनी के डाइरेक्टर मुकेश



डनडनीया के साथ लंबी वार्ता किये, जिसमें कंपनी की और से मृतक के परिवार को 26 लाख की मुआवाजा राशि देने पर सहमति हुई। वहीं घटना के संबंध में गोपेश महतो ने बताया कि पिलिद गांव निवासी राजेश महतो उड़ीसा राज्य स्थित सिंघल एग्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विगत दो वर्षों से काम करता था और 25 मार्च को रस्यमय तरीके से उनका मौत हो जाती हैं। मौत के सूचना मिलते ही उड़ीसा पहुंच कर कंपनी के डाइरेक्टर के साथ वार्ता हुए जिसमें नगद 3 लाख रुपये, कार्य बीमा 6 लाख रुपये, एमबी बीमा 17 लाख रुपये पर सहमति बनी। उसके बाद मृतक राजेश महतो के शव को बुधवार सुबह को पिलिद गांव लाया गया और उसका अंतिम संस्कार किया गया। साथ ही बहलदा थाना प्रभारी से मिलकर मौत के कारणों का निष्पक्ष जांच करने का भी मांग किया।

## बचरा बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह का समापन

मिलाद उन नबी में देश और राज्य की खुशहाली की मांगी गयी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी में रमजान के मौके पर चल रहे नमाज ए तरावीह का मंगलवार की रात को समापन किया गया। चतरा जिला के लावालौंग के मझडीहा से आये हुए हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा मुकम्मल तरावीह पढ़ाई गयी। जानकारी के अनुसार 11 मार्च की रात से रमजान का चांद दिखने के साथ ही बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह की शुरूआत की गयी थी, जिसमें



काफी संख्या में लोग शामिल हुए। बंसत विहार कालोनी मे रहने वाले सीसीएल कर्मियो और उनके आश्रितो के लिए प्रत्येक वर्ष कालोनी मे तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है। तरावीह के समापन पर मिलाद उन नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रमजान महीने में तरावीह की नमाज की विशेषता पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर नात शरीफ व तकरीर भी पेश किया गया। अंत मे क्षेत्र और राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर, मगध खान प्रबधंक मोहम्मद अकरम, सिविल अधिकारी असलम आजाद, इस्लाम अंसारी, अब्दुल कुदुस, आबिद हुसैन, असलम आजाद, जसउद्दीन अंसारी,मुस्तकीम अंसारी, खुर्शीद आलम, अमजद अली, मो. मंजुर, मो. नेजाम, जसीक अंसारी, रियाज अंसारी, मो. कलामउदीन, जमाल खान, दिलनवाज अंसारी, शाकिरउद्दीन अंसारी, कूदूस खान, जावेद अख्तर, खुर्शीद खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीठासीन पदाधिकारी और मतदान कर्मियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्येनजर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा बुधवार को पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उनके कार्य और दायित्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद कलेक्शन सेंटर तक सभी कार्यों के निष्पादन से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में



खूंटी, मुरहू और रनिया प्रखंड के मतदानकर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। ईमानदारी और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव से संबंधित अपने कार्य तथा दायित्व का सफल संचालन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी मो परवेज ने मतदानकर्मियों को बताया कि 11-खूंटी लोक सभा (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा 18 अप्रैल को अधिसूचना निर्गत की जायेगी। नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशन की संवीक्षा की अंतिम तारीख 26 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तारीख 29 अप्रैल, मतदान की तारीख 13 मई है। चार जून को मतों की गिनती होगी। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा कुमुद कुमार झा ने मतदानकर्मियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान प्रक्रिया और कलेक्शन सेंटर तक कार्य निष्पादन के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। हम सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होगा और तटस्थ होकर अपने कार्यों का निष्पादन कराना होगा। उन्होंने मतदानकर्मियो को निर्वाचन कार्य के दौरान आने वाली विविध समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही निराकरण के उपाय बताये । उन्होंने मॉक पोल की आवश्यकता और प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पी1, पी2 और पी3 के कार्य और जबावदेही की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विविध प्रपत्रों को भरने, पैकेटिंग करने की चर्चा करते हुए चैलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट और प्रॉक्सी वोट के संबंध विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर देवेंद्र गोप, विष्णुनंद तिवारी और प्रदीप ओझा, श्रवण बारला द्वारा मतदान कर्मियों को सीयू, बीयू और वीवीपैट के संयोजन और संचालन की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। ईवीएम कोषांग की शोभा रानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से सीयू, बीयू और वीवीपैट की विस्तृत जानकारी दी गयी।

## लक्ष्मीकांत स्वासी का 38वां शहादत दिवस मना



तमाड़ (आजाद सिपाही)। बुंडू के टागर टोली सीपीआईएम नेता का लक्ष्मी कांत स्वासी का 38वां शहादत दिवस पार्टी द्वारा 26 मार्च को मनाया गया। इस अवसर पर उनके आदमकत मुर्ति पर पुल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गयी। उनके अधुरे सपने को साकार करने की कसम खायी इस अवसर पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा किसान सभा अध्यक्ष सुफल महतो रवि गोझु, मगल सिंह मुंडा, रीता स्वासी के अलावे बुंडू, तमाड़, अड़की के मुख्य लोग उपस्थित हुए थे।

## एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। होली के सुअवसर पर पुण्डिदीरी के एतिहासिक मैदान रूंगकाडी में यूवा संघ के द्वारा एक दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन। इसमें क्रिकेट टीम पुरानानगर, तमाड़, सारुबेड़ा, पुण्डिदीरी, झरगांव, वीरगांव और एडरमहातु ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाज सेवी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य हीरालाल दास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुंडिदीरी और एंडरमहतु के बीच खेला गया। जिसमें एडरमहातु 10 विकेट से विजयी रहा। विजेता टीम को 7000, उपविजेता टीम को 5000 रुपया नगद राशि अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व सरपंच अशोक कुमार दास, सुभाष स्वासी, अनिल गुप्ता सुधीर दास, आशीष कुमार गुप्ता, संजय स्वासी, वीरेन साहू, अंकित कुंडू, उमेश मुंडा, राहुल गुप्ता, राहुल कुंडू, मनोरंजन गुप्ता, अमित कुमार साहू सौरव कुमार, अमन कुंडू, रोहित आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कुंआ से मिली 6 वर्षीय बच्चे की लाश



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लावा टोला बांधडीह में मंगलवार को ईचागढ़ पुलिस के द्वारा एक बच्चे की लाश बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बांधडीह निवासी कर्ण गोप का पुत्र हराधन गोप, उम्र 6 वर्ष शनिवार को खेलने के बहाने सुबह को घर से निकला था, और घूम हो गया था। घर वाला दिन भर खोजबीन करने के बाद जब पता नहीं चला तो थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया। आवेदन मिलते ही ईचागढ़ पुलिस के द्वारा खोजबीन शुरूआत किया गया। इसी क्रम में मंगलवार सुबह को ग्रामीणों के द्वारा गांव के बाहर एक कुआं में बच्चे का लाश तेरता हुआ दिखायी दिया तो, इसकी सूचना ईचागढ़ पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय दलबल के साथ पहुंचे और कुंवा से लाश को बरामद किया।बच्चे की पहचान हराधन गोप, उम्र 6 वर्ष के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय ने बताया कि बच्चे की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया। घटना की जांच चल रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## इटकी प्रखंड में जंगली हाथियों ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के क्षेत्र के जंगल से लगे दर्जनों गांवों के लोग तैयार फसल के नुकसान हो जाने भय व आतंक में जीने को बाध्य। क्योंकि उनके गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। मंगलवार की रात पांच जंगली हाथियों के झुंड ने सालो टोली गांव में उत्पात मचा कर विशेश्वर सिंह, गोवर्धन उरांव, जउरी उरांव ,सुकरा उरांव सहित अन्य किसानों खेतों में लगी गेहूं, केला, मटर, टमाटर, ईख, बीन, पत्ता गोभी, मकई सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। पिछले एक सप्ताह से पांच जंगली हाथियों का एक दल कुल्ली जंगल में अपना बसेरा बना रखें है। शाम ढलते हाथी जंगल से बाहर निकल कर अपनी भूख मिटाने के लिए खेतों में लगी फसलों को रौंद कर या फिर खा कर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।
फोटो नुकसान आलू के फसल को देखते ज उरी ।

## युवकों के दो गुटों में आपसी झड़प में एक को भेजा जेल



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थानाक्षेत्र के डकरा में युवकों के दो गुटों में आपसी झड़प में आकाश सिंह नामक युवक को बुधवार को जेल भेज दिया गया। घटना होली के दिन की है। डकरा में युवकों के दो गुटों में आपसी झड़प हो गया। कारण सीसीएल में होने वाला टेंडर बताया जा रहा है। झड़प के बाद दोनो पक्ष खलारी थाना पहुंच गये। पुलिस कई युवकों को पूछताछ के लिए थाना ले आई। इसी क्रम में जांच के दौरान आकाश सिंह के वाहन से एक गोली के साथ एक मैगजीन बरामद हुआ। अन्य युवकों को पूछताछ के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इधर थानाक्षेत्र के ही जेहलीटांड़ तथा डकरा खटाल में भी होली के दिन आपसी झड़प की सूचना मिली है। थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून हाथ में लेने वाले किसी को भी नहीं बख्शा जायेगा।

## बिलारी गांव में मटका फोड़ का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव मे होली पर्व के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ भीम राव अम्बेडकर क्लब बिलारी के तत्वधान में होली के अवसर पर आयोजित मटका फोड़ कार्यक्रम मे काफी संख्या मे लोग शामिल हुए। इस दौरान क्लब के युवाओ ने होली के गीतो पर नाचते गाते और झुमते हुए मटका फोड़ा। क्लब के एस. कुमार ने मटका फोड़ कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा पुरूस्कार राशि देकर प्रतिभागी युवक को सम्मानित किया।आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रत्येक साल होली के अवसर पर डा.भीम राव अम्बेडकर क्लब बिलारी के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जिसमे क्लब के युवा उत्साह के साथ भाग लेते हैं। इस मौके पर आयोजन समिति के कामेश्वर राम, मुंशी राम, गुलाबचंद राम, सुखदेव राम, नागेश्वर राम,संजय राम, नरेश राम, ललन राम, सुनील राम, बिनोद कुमार, मनोज कुमार, राजू राम, उमेश राम, गणेश राम, कृष्णा राम, पंकज राम, कैलाश राम, भुनेश्वर राम, रामेश्वर राम, विश्वनाथ राम, जितेंद्र कुमार, सुरेश राम, अनिल राम, भोला राम,मोती लाल, राजेंद्र राम, संजय राम, नरेश राम, मुनेश्वर राम, लक्ष्मण राम, सुनील राम, दिनेश राम सहित काफी संख्या मे स्थानीय लोग मौजूद थे।

# स्वयं सेवक संघ ने बीपीआरओ के हाथों सौंपा बीडीओ को ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ गुमला अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर सरकारी योजनाओं के कार्य से खुद को अलग रखा था। वही 12 मार्च 2024 के कैबिनेट की बैठक में मांग पूर्ण होने के पश्चात संघ द्वारा हड़ताल को स्थापित करते हुए पुनः 18 मार्च 2024 से अपने कार्य में योगदान देने का निर्णय लिया और योगदान संबंधी आवेदक को बीपीआरओ के हाथों बीडीओ के नाम दिया। आवेदन देने वालों में संघ के बंदी राम बरला, राशिद अली, दीपक कुमार गुप्ता, मोहम्मद मेराज आलम, शीला कुमारी,कुंती कुमारी, पूनम देवी, रीना बाखला,प्रभा मिंज, मोहम्मद नईम अंसारी, गनसु राम साहू, संजय कुमार साहु, आरती कुमारी, नीतू देवी सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी स्व जीतवाहन महतो के नाम पर चौक का नामकरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर में बेड़वारी जोड़ी महुआ चैक का नाम बदलकर अब झारखंड आंदोलनकारी स्व जीतवाहन महतो चैक रख दिया गया। इसका उदघाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप नें मंगलवार को नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी स्व जीतवाहन महतो के नाम पर यह चैक सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। मौके पर स्व जीतवाहन महतो के पुत्र ज्योतिष कु महतो, सतीश कु महतो, मुखिया सरिता तिर्की, दुर्गा पहान, उपमुखिया विमला चैधरी, झारखंड आंदोलनकारी जलनाथ चैधरी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, विश्राम महतो, आतिश महतो, नीलकंठ चैधरी, सागर साहू, रामपोदो महतो, फलिन्द्र करमाली, सुप्रेश महतो, पंकज महतो, मार्शल महतो, प्रकाश महतो, अविनाश साहू, अशोक महतो, बाबुराम महतो, राजू महतो, राजेश महतो, अजय साहू, बहादूर साहू, सूरज महतो, सहजनाथ चैधरी, झब्बुलाल महतो, जयकुमार, गोर्वधन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## बरवादाग में आदिवासी सरना समिति की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरहुल पर्व की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बरवादाग पंचायत के सीताडीह में आदिवासी सरना समिति की एक बैठक गणेश बेदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल पर्व उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि आगामी 10 अप्रैल को रूसा पूजा एवं 11 अप्रैल को सरहुल पूजा पूरे विधि विधान एवं पारंपरिक रीझ-रंग के साथ संपन्न होगा वहीं 13 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसके मुख्य संरक्षक ग्रामप्रधान गणेश बेदिया, अध्यक्ष दिवाकर बेदिया, उपाध्यक्ष रतन उरांव, सचिव करमा लोहरा, उपसचिव विजय बेक एवं कोषाध्यक्ष महेश्वर बेदिया बनाए गए। मौके पर राजेश बेदिया, प्रदीप बेदिया, रामनरेश बेदिया, संतोष लोहरा, मधु लोहरा, उदय बेदिया, बबलु उरांव, ललित बेदिया, आशीर्वाद बेदिया, मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे।

## युवक को स्कूटी चालक ने मारी टक्कर

गुमला। शहर के पालकोट रोड स्थित रोटरी क्लब के समीप ठेले वाले युवक को स्कूटी चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया घटना में शांति नगर निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र भारती गंभीर रूप से घायल हो गया घटना में उसका एक पैर टूट गया वहीं स्कूटी चालक घटनास्थल से स्कूटी लेकर तेजी से फरार हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया उसका इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक ठेला वाला काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था तभी रोटरी क्लब के समीप पीछे से एक स्कूटी चालक उसे टक्कर मारकर घटना सबसे फरार हो गया।

## शक्ति मंदिर के समीप बाइक सवार ने मोपेड सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर के समीप मोपेड सवार व्यक्ति को बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया। घटना में मोपेड में सवार दो बच्चे सहित पिता घायल हो गया। घटना में बाइक सवार को भी सिर में चोट लगी लेकिन बाइक सवार उठकर घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने दोनों बच्चे और पिता को सड़क किनारे किया। जानकारी के मुताबिक सीलम अंबा टोली निवासी मनोहर उरांव अपने 5 वर्षीय पुत्र सिद्धांत लकड़ा तथा 3 वर्षीय बेटी तनु लकड़ा को लेकर धौढा टोली मेहमान गया था। वापसी के क्रम में शक्ति मंदिर के समीप सामने से एक बाइक ने टक्कर मार दिया।

# पुलिस ने राहुल शर्मा हत्याकांड का किया खुलासा

## साढ़ू ने ही की थी राहुल की हत्या, आरोपी नीरज का साली से था अवैध संबंध

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के चटकपुर के रहने वाले राहुल शर्मा की हत्या का खुलासा करते हुये पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या का आरोपी उसका ही अपना साढु नीरज शर्मा निकला। 33 वर्षीय नीरज शर्मा चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र के पचमहला का रहने वाला है। वर्तमान में वह कई वर्षों से चटकपुर के छाता टुंगरी स्थित रोड नंबर 3 में मकान बनाकर रहता है। जानकारी के मुताबिक आरोपी नीरज ने वर्ष 2014 में राँची मधुकम की रहने वाली युवती से शादी की है। पत्नी की एक बहन भी है। शादी के बाद नीरज का ससुराल आना जाना लगा रहता है। इस बीच नीरज का अपनी साली से अवैध संबंध हो गया। इसके उपरन्त उसकी साली को राहुल कुमार शर्मा नाम के एक युवक से प्यार हो गया और दोनों ने शादी कर ली और मधुकम में ही किराये के एक मकान में रहने लगे। एक दिन किसी बात को लेकर स्थानीय लोगो से राहुल का झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद आरोपी साढु नीरज शर्मा ने 2018 में अपने साढु राहुल व साली को चटकपुर अपना घर ले आया और अपने ही एक मकान में रहने की व्यवस्था कर दिया। और फिर से नीरज शर्मा अपनी साली से शारीरिक संबंध बनाने लगा। ओस बीच औलाद नही होने के कारण राहुल में अपना एक बच्चा भी नीरज को दे दिया।

कुछ दिनों के बाद राहुल शर्मा को इस बात की भनक लग गई कि मेरी पत्नी का साढु के साथ नाजायज संबंध है तो राहुल शर्मा का अपने पत्नी से दुरिया बढ़ने लगा, जो काफी बढ़ गया तथा पिछले तीन महिने से काफी बढ़ गया एवं मारपीट पर उतारु हो गया तथा राहुल शर्मा के द्वारा ये भी बोला जाने लगा कि जो बच्चा राहुल शर्मा के द्वारा वादी नीरज कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी को दिया गया है उसको वो वापस ले लेगा। जब वादी नीरज शर्मा को यह बात पता चला तो उनके द्वारा ये प्लान बनाया गया कि राहुल शर्मा को रास्ते से हटा देना होगा। इसके उपरांतनीरज शर्मा ने अपन दोस्त बिट्टु शर्मा एवं एक अन्य दोस्तो के द्वारा साथ मिलकर 19 मार्च की रात शराब पिया और राहुल शर्मा का गमछा से गला दबाकर हत्या कर दिया दिया। हत्या के बाद घर नीरज घर पहुंचा। इधर पति का देर रात तक घर नही आने पर साली के कहने पर नीरज ने राहुल को फोन किया। शव मिलने के बाद नीरज शर्मा ही शव को औरगाबाद ले गया ताकि किसी को शक ना हो। राहुल शर्मा के दाह संस्कार के बाद जब नीरज शर्मा 24 मार्च को चटकपुर पहुंचा तो पुलिस शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो नीरज शर्मा ने अपना अपराध कबुल कर लिया और पुलिस को सबकुछ बता दिया। मामले को लेकर भादवी की धारा 302/201/34 के तहत कांड संख्या 109/24 दर्ज किया गया है।

# सरहुल को लेकर श्रद्धा सरना समिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सरहुल की तैयारियों को लेकर श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद की एक बैठक अजय तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाने तथा हर वर्ष की तरह आगामी 12 अप्रैल को सरहुल पूजा सह सरहुल मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि आगामी 2 अप्रैल को 21वां वर्षगांठ एवं सरना प्रार्थना सभा, 10 अप्रैल को रूसा पूजा, 11 अप्रैल को सरहुल पूजा एवं 12 अप्रैल को भव्य सरहुल शोभायात्रा बुकी मैदान से गेतलसूद सरना स्थल तक आयोजित होगा। मौके पर श्रद्धा सरना समिति के कार्यकारिणी का पुर्नगठन किया गया जिसके अध्यक्ष अजय उरांव, सचिव दशरथ मुण्डा, कोषाध्यक्ष निरज मुण्डा, उपसचिव बिटु उरांव, विरेन्द्र मुण्डा, उपाध्यक्ष रवि किशोर उरांव, मनोज उरांव, मुख्य पहान राजदेव पहान, संरक्षक प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुण्डा, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी एवं ग्रामप्रधान जितेन्द्र उरांव बनाए गए। बैठक में शनिचरवा उरांव, राहुल मुण्डा, रंजीत उरांव, बालु उरांव, मोहन उरांव, जितुन महतो, नमीता देवी, मनीषा देवी, अनिल उरांव, आशीष कुमार, सुनील उरांव, संदीप उरांव, बल्कु उरांव, रोहित उरांव, सोहन उरांव, मिंटू, सुनील टोप्पो, रामु उरांव, संजोति देवी, संजु देवी, रामचंद्र उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, विजय उरांव आदि मौजूद थे।

# चैती तृतीया सरहुल महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर ।** चला अखड़ा खोड़हा क्षेत्रीय 24 पड़हा के द्वारा प्रखंड स्तरीय चैती तृतीया सरहुल महोत्सव का आयोजन कोको टोली गांव में किया गया जिसका अध्यक्षता गांव के बैगा तेतरु उरांव ने की। सर्वप्रथम बैगा के द्वारा परंपरा अनुसार विधि वक्त पूजा पाठ किया गया। उक्त महोत्सव में पड़हा समाज के लोग काफी संख्या में हिस्सा लिए मौके पर बैगा ने कहा कि परंपरा पर पैनी नजर रखते हुए उक्त महोत्सव का आयोजन किया गया है। इधर 24 पड़हा के अध्यक्ष सतीश उरांव ने कहा कि धार्मिक सामाजिक राजनीतिक अगुवओ से अपील है कि परंपरा व संवैधानिक समाज की परंपराओं से बचपना न करें इससे समाज की नीति विधि व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है जिसमें 32 समुदाय के आदिवासियों को क्षति होगी। इस मौके पर चंद्रेश भगत सोमेश्वर बैगा रामेश्वर मुंडा रामजित बृजिया जुगनू उरांव चामुंडा बसंत खेरवार जलेश्वर खेरवार कुलदीप उरांव गोले उरांव बलराम उरांव बसनू उरांव सहित समाज के महिला पुरुष काफी संख्या में उपस्थित थे।

## बैठक में आगामी 11 अप्रैल को होनेवाले सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर चर्चा की गयी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जनजाती सुरक्षा मंच की बैठक जनजाति संपर्क प्रमुख जय मंत्री उरांव के निवास स्थान नगड़ी में हुई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा महोत्सव पर चर्चा की गयी। इस बैठक के माध्यम से समाज को जनजाति सुरक्षा मंच ने अपील किया है कि जनजाति समाज अपना जो भी पुरखौती से चलते आ रही हैं, पूजा अनुष्ठान रूढ़ि प्रथा पद्धति है, उनको पूरे विधि विधान से पहान, पुजार से ही संपन्न करायें। अर्थात सरहुल के दिन सरहुल सरना पूजा स्थल में तीन रंग या चार रंगों की मुर्गे की बली देने की प्रथा है, उसका अवश्य पालन करें। हम आदिवासियों की पहचान के रूप में सफेद झंडा जो विलुप्त हो रहा है। उसको बरकरार रखते हुए इस बार सरहुल के शुभ अवसर पर हर चौक-चौराहा पर और अपने-अपने घरों में अवश्य स्थापित करें, जो हमारा पहचान, हमारा रुढ़ि प्रथा और कस्टम है। हमारा पारंपरिक वाद्य यंत्र ढांक, नगड़ा मांदर घंटा इत्यादि का ही प्रयोग करें डीजे से हमारा पहचान खत्म हो रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच ने कहा है कि हमारे सामाजिक व्यवस्था के तहत चुने गये पहान, पुजार, बैग, नायके इत्यादि को हमें सम्मान करना चाहिए। पहान के द्वारा अमावस्या में रात में मिट्टी घुसाना। 8 अप्रैल 2024 को पहान के द्वारा मिट्टी घुसाने के चलते मौजा बोड़ेया में खेती बाड़ी और जमीन में जोत कोड़ नहीं होगा, काम बंद रहेगा। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रथम को 9 अप्रैल 2024) उपवास, मछली केकड़ा पकड़ना, नदी, तालाब में, चैत शुक्ल पक्ष द्वितीया (10 अप्रैल 2024) को सरना स्थल में पूजा। चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया ( 11 अप्रैल 2024)को पहान के द्वारा विधिवत घर-घर जाकर फूल खुशी एवं शोभायात्रा। जनजाति सुरक्षा मंच सभी से निवेदन करती है कि इस वर्ष शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त होकर सरहुल पूजा मनायें। इस बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के पहान विमल पहान , क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, प्रांत के सह संयोजक हिंदूवा उरांव, प्रांत के प्रवक्ता मेघा उरांव, प्रांत के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव, प्रांत के युवा प्रमुख संनी उरांव, जय मंत्री उरांव, लोरया उरांव, डॉ बुटन महली समेत अन्य उपस्थित होंगे।

# पुलिस नशा कारोबारियों के खिलाफ चला रही अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** पिठोरिया पुलिस लगातार अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए मंगलवार को थाना क्षेत्र के मांझिल कोनकी में छापेमारी की। इस दौरान जावा महुआ, महुआ शराब व भट्टियों को ध्वस्त किया। वही पिठोरिया के रविदास मुहल्ला में एक कोल्डड्रिंक-पानी की दुकान में छापेमारी कर अवैध शराब की 11 बोतल जब्त की गई , जिसमें गॉड फादर का स्टिकर लगी हुआ है। थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त दुकान में अवैध शराब बिक्री की जाती है। दुकान संचालक कांति देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पिठोरिया थाना के द्वारा अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी के इस अभियान से क्षेत्र के लोग खुश हैं। मंगलवार के अभियान में एसआई मोहम्मद मोबिन खान सहित पिठोरिया पुलिस के जवान शामिल थे।

## पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता का आकस्मिक निधन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। सोमवार दोपहर को दैनिक भास्कर ओरमांझी के पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर सुन पत्रकार के आवास पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपा ध्यक्ष अमर नाथ चौधरी भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवा न अंसारी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा,विधायक सलाहकार रमेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेम नाथ मुंडा, अशोक गुप्ता, राजेश गुप्ता, दीपक बड़ाई क, सतीश बड़ाई क, शिव नाथ मुंडा के साथ ही समाजसेवी, पत्रकार, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग, डॉ रहमान, आदि लोगों ने मृतक पत्रकार के परिजन को ढांढस बंधा रहे थे। पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता अपने पीछे मां, पिता, पत्नी, दो बेटे, एक भाई, भाई के तीन बच्चे संग भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रखा है।

## बेड़ो साईं मंदिर रोड में बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर, दोनों घायल



घायल एतवा उरांव।

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के साईं मंदिर सड़क पर जामटोली पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे संध्या में पैदल चल रहे युवक को पीछे से आ रहे बाइक सवार द्वारा धक्का मार दिए जाने से बाइक सवार व पैदल चल रहे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी लापुंग से लौट रहे बेड़ो के पूर्व प्रमुख भगत महतो, जतरु उरांव व संजय भगत ने इन्हें अपनी गाड़ी में उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा सुमन ने प्राथमिक उपचार के बाद एतवा उरांव को रिम्स रेफर कर दिया। पैदल चल रहे घायल युवक की पहचान मुन्ना मांझी 19 वर्ष जामटोली निवासी व बाइक सवार युवक की पहचान पोला लापुंग निवासी एतवा उरांव के रूप में की गई। स्वजनों ने बताया कि एतवा उरांव बेड़ो की तरफ जा रहा था, तभी यह घटना घटी।

## लापुंग के सारसा गांव में बिजली के करंट से एक व्यक्ति की मौत

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड क्षेत्र के देवगांव पंचायत अंतर्गत सरसा निवासी प्रेम कुमार भगत की 26मार्च को लगभग 9 बजे सुबह करंट लगने से हुई मृत्यु। बताते चलें कि कल सुबह प्रेम कुमार भगत गरमा धान रोपनी करने के लिए खेत पटवन कर रहा था अचानक करंट की चपेट में आने से खेत में ही उसकी मृत्यु हो गई ।लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव शव को अपने कब्जे में लेकर रिम्स पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लगभग 6 बजे शाम में शव को अंतिम संस्कार गांव के शमशान में किया गया। मौके पर देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव,समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की,विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ,घघारी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, चंद्र भगत के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थें। होली के दिन गांव मे मातम में छह गया।

## शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में लड़ाई, पत्नी ने की आत्महत्या

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के होलंग बृजिया टोली निवासी 25 वर्षीय बसंती बृजिया ने मंगलवार देर शाम अपने घर के पीछे ओरयानी के लकड़ी में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर बिशुनपुर पुलिस बुधवार सुबह घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। मैं मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बिशुनपुर आया हुआ था जहां से मैं गांव लौटा तो देख मेरी पत्नी नशे की हालत में है मैंने तुम शराब क्यों पीती हो यह कह कर उसे डाटा और घर ले गया। इसके उपरांत लगभग रात 7:00 बजे वह बाथरूम के बहाने घर से निकली और काफी देर तक घर वापस नहीं आई तो मैं उसके मोबाइल पर फोन किया तो रिंग घर के पीछे सुनाई दे रही थी मैं जाकर देखा घर के ओरयानी में वह रस्सी के सहारे लटक रही थी जिसकी सूचना में अपने घर वालों और गांव वालों को दी जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। विजय ने पुलिस को बताया कि मैं शराब नहीं पीता हूं और बाहर इट भठे में काम करता हूं त्योहार को लेकर मैं घर आया था और मेरी पत्नी शराब के नशे में थी इसलिए थोड़ा सा डांट दिया और यह घटना घट गई।

## बृजेश पांडेय बने युवा कांग्रेस के जिला सोशल मीडिया कॉडिनेटर



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची जिला युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉडिनेटर बृजेश पांडेय बनाए गए हैं। इन्हें कॉडिनेटर मनोनित किए जाने पर कांग्रेस नेता रामदेव सिंह ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बृजेश पांडेय के मनोनयन से आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी का सोशल मीडिया विंग काफी सशक्त और धारदार बनेगा। इसके माध्यम से पार्टी के नीति सिद्धान्त और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्हें सोशल मीडिया कॉडिनेटर बनाए जाने पर कुमूदनी प्रभावती, मिनहाज आलम, सफीक अंसारी, लवंगलता निराला, अजय साहू, शीला उरांव, मुस्ताक आलम, इंद्रजीत महतो, शीला उरांव, राजकुमार सिंह, अवधेश नाथ शाहदेव, चंचल लिंडा, आकाश कर्मकार, बिरसा केरकेटा, निलेश मिश्रा, तबरेज राज, अतुल राज, करण सिंह, जगदीश महतो, मनोज यादव, आफताब आलम आदि ने बधाई दी है।

## रामदेव सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया

नामकुम (आजाद सिपाही)। बृजेश पांडे को युवा कांग्रेस रांची जिला सोशल मीडिया का कोऑर्डिनेटर बनाये जाने पर टाटीसिलवे निवासी सह कांग्रेसी नेता रामदेव सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी सोशल मीडिया और धारदार बनाएगी। कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति सिद्धान्तों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। इस मौके पर बृजेश पांडे को लवंगलता निराला, कुमुदिनी प्रभावती, अजय साहू, नितीश पांडे, सफीक अंसारी, प्रभा सिंह, शीला उरांव, मुस्ताक आलम, अरविंद राम, निलेश मिश्रा, बिरसा केरकेट्टा, चंचल लिंडा, करण सिंह, जगदीश चंद्र महतो, मनोज यादव, राजकुमार सिंह, मिंहाज आलम, देवाशीष दत्ता, इंद्रजीत महतो, अतुल राज, आफताब आलम, तबरेज राज, आकाश कर्मकार, कृष्णा अहीर, अवधेश नाथ शाहदेव, प्रकाश ठाकुर, मुबारक अंसारी आदि ने बधाई दी।

## आरटीइ के तहत छह विद्यालयों में होगा नामांकन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में लोहरदगा जिलाअंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा 1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित और कमजोर वर्ग/ बीपीएल बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस हेतु लोहरदगा जिला के अभिवंचित/बी0पी0एल0 कोटि के सभी बच्चों/ अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि निम्नवत विद्यालयों में कक्षा 1 में नामांकन हेतु www.jeplohardaga.in पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10 अप्रैल तक किया जा सकता है। इसके तहत सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मन्दिर, लोहरदगा, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल, लोहरदगा, संत लॉरेंस स्कूल झिको चट्टी, भंडरा, लोहरदगा, सन्त चार्ल्स स्कूल जॉगी, कुडू, लोहरदगा, संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा और केकेएम पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा में नामांकन करा सकते हैं।

